संख्या-344/63-व0उ0-2018-155(एच)/2017

प्रेषक

मुकुल सिंहल,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग,
उ0प्र0, कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊः दिनांकः 12 फरवरी, 2018**

विषयः-उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंन्टिंग पालिसी- 2017 में अनुमन्य वित्तीय सुविधाओं का क्रियान्वयन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंन्टिंग पालिसी-2017 में अनुमन्य वित्तीय सुविधाओं का क्रियान्वयन निम्नानुसार किया जायेगा :-

उत्तर प्रदेश में वस्त्र उद्योग इकाईयों की स्थापना को प्रोत्साहित करने एवं पूंजी निवेश को आकर्षित करने, तथा अधिकाधिक रोजगार सृजन हेतु उत्तर प्रदेश हैण्डलूम पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल, एवं गारमेंन्टिंग पालिसी-2017 अधिसूचना संख्या-236/63व0उ0-2018-155(एच)/2017, दिनांक 25.01.2018 के द्वारा प्रख्यापित की गयी है। प्रदेश में स्थापित होने वाली वस्त्र उद्योग इकाईयों को उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेंन्टिंग पालिसी-2017 के अन्तर्गत सभी वित्तीय सुविधायें एवं उपादान योजनाओं का लाभ अनुमन्य होगा।

यह योजना औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 की अधिसूचना जारी होने की तिथि 13जुलाई 2017 से 05 वर्ष तक प्रभावी रहेगी।

योजना की संक्षिप्त रूपरेखा क्रियान्वयन, निर्णय एवं भुगतान की प्रक्रिया निम्नवत् हैः-

1	योजना का शीर्षक	उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल, एवं गारमेंन्टिंग पालिसी- 2017 की क्रियान्वयन योजना
2	योजना की अवधि	13.07.2017 से 5 वर्षो की अवधि तक अथवा नीति के संशोधित होने तक प्रभावी रहेगी।
3	योजना का कार्यक्षेत्र	• प्रदेश के आंचलिक क्षेत्रवार (पूर्वान्चल, बुन्देलखण्ड, मध्यांचल एवं पश्चिमांचल) निर्धारित सीमा के अन्तर्गत वित्तीय सुविधायें देय हैं। • सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश

		• (नीति में वर्णित कुछ वित्तीय सुविधायें जनपद विशेष (जी0बी0नगर) में देय नहीं है।)
4	योजना के परिचालन हेतु प्राधिकृत संस्था	• हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय (रेशम उद्योग से सम्बन्धित इकाइयों को छोड़कर) • रेशम उद्योग निदेशालय (रेशम उद्योग इकाईयों हेतु)
5	योजना के संचालन हेतु अधिकृत सहयोगी संस्था	परियोजना प्रबन्धक एजेन्सी (**Project Management Agency**) (**P.M.A.**) (शासन के परामर्श के आधार पर चयनित संस्था)
6	योजना के घटक	योजना में वर्णित वित्तीय सुविधायें योजना के घटक के रूप में जानी जायेंगी। योजना के घटक निम्नलिखित है :-
6.1	सरकारी एजेन्सियों द्वारा भूमि आवंटन में सब्सिडी	• सरकारी एजेन्सियों यथाः-यू.पी.एस.आई.डी.सी., सीडा, लीडा एवं अन्य विकास प्राधिकरणों द्वारा विकसित औद्योगिक आस्थानों में टेक्सटाइल यूनिटों के लिये, इन संस्थाओं से प्रत्यक्षतः भूमि क्रय करने पर निवेशकों को भूमि की कीमत की 50 प्रतिशत सब्सिडी की प्रतिपूर्ति देय होगी। • गौतमबुद्ध नगर जनपद में यह सब्सिडी 30 प्रतिशत देय होगी। • यह सब्सिडी कुल परियोजना लागत की 5 प्रतिशत तक सीमित होगी। शर्त/प्रतिबन्ध :- यह प्रतिपूर्ति तब की जायेगी, जब इकाई भूमि क्रय के पाँच वर्षो के अन्दर वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ कर देती है।
6.2	स्टाम्प ड्यूटी में छूट	• गौतमबुद्ध नगर जनपद को छोड़कर शेष उ0 प्र0 में स्थापित होने वाले वस्त्रोद्योग से सम्बन्धित इकाईयों को स्टाम्प शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट • गौतमबुद्ध नगर जनपद में स्थापित होने वाले वस्त्रोद्योग से सम्बन्धित इकाईयों को स्टाम्प शुल्क में 75 प्रतिशत की छूट उपलब्ध करायी जायेगी। • रेशम चाकी/कोया उत्पादन/धागाकरण इकाईयों को सम्पूर्ण प्रदेश में 100 प्रतिशत स्टाम्प डयूटी में छूट उपलब्ध कराई जायेगी। • पूरे प्रदेश में वस्त्र उद्योग सम्बन्धी अवस्थापना सुविधाओं के विकास (यथा- एकीकृत ट्रान्सपोर्ट व व्यवसायिक केन्द्र, प्रदर्शनी केन्द्र, वेयरहाऊस, जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट, एफ्लुएन्ट ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की स्थापना) हेतु भूमि के क्रय पर स्टाम्प शुल्क मे 100 प्रतिशत की छूट उपलब्ध कराई जायेगी। • राज्य में (गौतमबुद्ध नगर को छोड़कर) टेक्सटाइल पार्कों/आस्थानों के विकासकर्ता को भूमि के क्रय पर 100 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट अनुमन्य होगी। • निजी/संयुक्त क्षेत्र एस.पी.वी. द्वारा स्थापित वस्त्र पार्क में प्रत्येक भूमि के प्रथम खरीददार को 50 प्रतिशत स्टाम्प डयूटी में छूट उपलब्ध करायी जायेगी। • सम्पूर्ण प्रदेश में स्टाफ क्वार्टर/हास्टल/डारमेटरी के विकास हेतु क्रय की गई भूमि पर स्टाम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी।

		• स्टाम्प ड्यूटी में छूट की गणना भूमि क्रय करने की तिथि को प्रचलित सर्किल रेट के अनुसार आगणित की जायेगी, जो उपरोक्त सभी प्रकार की भूमि पर लागू होगी तथा उपरोक्त समस्त छूट स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा इकाई को उपलब्ध करायी जायेगी। • UPFC/PICUP/बैंकों द्वारा वित्त पोषित बन्द पड़ी इकाईयों को बिक्री पर स्टाम्प ड्यूटी की गणना सर्किल दर के स्थान पर सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत कीमत पर की जायेगी। • पेरेन्ट कम्पनी द्वारा अपनी ऐसी सब्सीडियरी कम्पनी, जिसमें पेरेन्ट का अंशदान 90 प्रतिशत से अधिक है, को भूमि स्थानान्तरण पर स्टैम्प ड्यूटी में 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी।
6.3	राज्य कर विभाग से छूट	• राज्य को प्राप्त नेट जी0एस0टी0 अंश की प्रतिपूर्ति स्थायी पूँजी निवेश (भूमि, भवन, अन्य निर्माण, प्लान्ट एवं मशीनरी) का 25 प्रतिषत की अधिकतम वार्षिक सीमा तक अथवा वास्तविक वार्षिक कर जमा, जो भी कम हो, 10 वर्षो तक प्रतिपूर्ति निम्नानुसार की जायेगी :- • समस्त उत्तर प्रदेश में वस्त्र उद्योग से सम्बन्धित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों हेतु 90 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति की जायेगी। • वस्त्र उद्योग से सम्बन्धित इकाईयां, जो एम.एस.एम.ई. नहीं हैं, को निम्नानुसार प्रतिपूर्ति की जायेगी :- i. पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड में 90 प्रतिशत ii. मध्यान्चल एवं पश्चिमांचल (गौतमबुद्ध नगर जनपद को छोड़कर) में 75 प्रतिशत iii. गौतमबुद्धनगर जनपद में 60 प्रतिशत की, की जायेगी। • प्रदेश में वस्त्र उद्योग से सम्बन्धित मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी के उद्योगों हेतु 80 प्रतिषत की प्रतिपूर्ति की जायेगी।
6.4	अवस्थापना ब्याज उपादान	• वस्त्र उद्योग इकाईयों को उनके द्वारा उपयोग हेतु अवस्थापना सुविधाओं यथा सड़क, सीवर, इफ्ल्यूएन्ट ट्रीटमेंट, जल निकासी, पावर लाईन, ट्रान्सफार्मर एवं पावर फीडर की स्थापना इत्यादि के विकास हेतु लिये गये ऋण पर देय ब्याज की दर पर उपादान प्रतिपूर्ति के रूप में देय होगा। • प्रतिपूर्ति 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 05 वर्षों तक, प्रति इकाई कुल रू0 1 करोड़ की सीमा तक देय होगी।
6.5	पूँजीगत उपादान	• वस्त्र उद्योग और गारमेन्टिंग इकाई को प्लांट एवं मशीनरी (TUFSमें वर्णित प्लान्ट एवं मशीनरी) हेतु 25 प्रतिषत पूँजीगत उपादान की प्रतिपूर्ति निम्न सीमा के अनुसार की जायेगी-

लागत की श्रेणी	प्रोजेक्ट लागत (करोड़ रू0 में)	अथवा न्यूनतम रोजगार सीमा	उपादान की सीमा (करोड़ रू0 में)
प्रथम	<=10	50	2

		<table><tr><td>द्वितीय</td><td>>10 but <=50</td><td>200</td><td>10</td></tr><tr><td>तृतीय</td><td>>50 but <=100</td><td>300</td><td>20</td></tr><tr><td>चतुर्थ</td><td>>100 but <=200</td><td>500</td><td>40</td></tr><tr><td>पंचम</td><td>>200</td><td>1000</td><td>100</td></tr></table> • रू0 01 करोड़ या अधिक पूँजी निवेश करने वाली रेशम रीलिंग इकाईयों को 20 प्रतिषत पूँजीगत उपादान दिया जायेगा, यह उपादान भारत सरकार की संस्थाओं यथा सेन्ट्रल सिल्क बोर्ड द्वारा दी जा रही सुविधा के अतिरिक्त होगा। • पूँजीगत उपादन की धनराशि सीधे इकाई के प्लान्ट एवं मशीनरी हेतु लिये गये टर्म लोन के खाते में सम्बन्धित बैंक शाखा को स्थानान्तरित की जायेगी। इससे इकाई को देय ब्याज का भार कम होगा।
6.6	मार्जिन मनी अनुदान	**रेशम उद्योग** (चाकी कीट पालन, कोया उत्पादन, रीलिंग एवं स्पिनिंग) को प्रोत्साहन देने हेतु अधिकतम रू0 1.00 करोड़ तक पूँजी निवेश करने वाली इकाईयों को राष्ट्रीयकृत बैकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा दिये गये ऋण पर 15 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान दिया जायेगा, जिसकी गणना बैंक द्वारा आगणित परियोजना लागत पर की जायेगी। अनुसूचित जाति/जन जाति के उद्यमियों को 20 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान दिया जायेगा। • **प्रदत्त सब्सिडी** भारत सरकार/या सेन्ट्रल सिल्क बोर्ड की योजना में राज्य सरकार के अंष के अतिरिक्त होगा।
6.7	ब्याज उपादान योजना	• वस्त्र उद्योग इकाईयों को बैंकों/वित्तीय संस्थाओं द्वारा TUFS पात्रता वाली प्लांट एवं मशीनरी हेतु लिये गये ऋण पर देय ब्याज की दर पर 07 प्रतिशत उपादान अधिकतम 07 वर्षों तक देय है। • गौतमबुद्धनगर जनपद को छोड़कर पूरे प्रदेश में प्रति वर्ष प्रति इकाई अधिकतम रू0 1.5 करोड़ तक की प्रतिपूर्ति की जायेगी। • यह सीमा गौतमबुद्धनगर जनपद के लिए प्रतिवर्ष रू0 75 लाख होगी।
6.8	कार्यशील पूँजी सब्सिडी	• रेशम रीलिंग इकाईयाँ, जो प्रदेश में उत्पादित कोये से न्यूनतम 75 प्रतिशत धागा उत्पादन करती हैं, उन्हें वर्किंग कैपिटल ऋण पर 5 वर्षों तक 5 प्रतिशत की दर से ब्याज उपादान दिया जायेगा। • इसकी अधिकतम सीमा रू0 50 हजार प्रति इकाई प्रतिवर्ष होगी। • प्रदेश में उत्पादित कोये से न्यूनतम 75 प्रतिशत धागा उत्पादन के प्रमाणीकरण हेतु रेशम रीलिंग इकाई को कोया खरीद एवं उत्पादन समरी शीट/चार्ट आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।
6.9	ई0पी0एफ0 प्रतिपूर्ति	• 100 अथवा उससे अधिक श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने वाली सभी नई वस्त्रोद्योग इकाईयों को नियोक्ता के अंश के 50 प्रतिशत की दर से ई0पी0एफ0 प्रतिपूर्ति की सुविधा 5 वर्षो तक प्रदान की जायेगी। इसके लिए श्रमिक को Employee Provident Fund Scheme Reforms/प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना से आच्छादित नहीं होना चाहिए।

		• 200 से अधिक श्रमिकों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने वाली इकाईयां को नियोक्ता के अंश का 60 प्रतिशत की दर से ई0पी0एफ0 प्रतिपूर्ति की सुविधा 5 वर्षो तक दी जायेगी। इसके लिए श्रमिक को Employee Provident Fund Scheme Reforms/प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना से आच्छादित नहीं होना चाहिए। • गारमेन्ट/परिधान सेक्टर की ऐसी इकाईयाँ, जो भारत सरकार की Employee Provident Fund Scheme Reforms/प्रधानमंत्री रोजगार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ई0पी0एफ0 प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित वित्तीय सहायता की सुविधा 3 वर्षो तक प्राप्त करती हैं। उन इकाईयों को राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 2 वर्षो के लिये यह सुविधा अनुमन्य करायी जायेगी।
6.10	माल-भाडे की प्रतिपूर्ति	• गारमेन्ट के निर्यात को बढ़ावा देने के लिये इकाई से एयर पोर्ट/सी-पोर्ट तक माल- भाड़े पर 25 से 75 प्रतिशत तक की प्रतिपूर्ति निम्नानुसार प्रदान की जायेगी :- i. प्रथम दो वर्षो तक - 75 प्रतिशत ii. अगले दो वर्ष तक - 50 प्रतिशत iii. पांचवे वर्ष में - 25 प्रतिशत • माल भाडा का आगणन इकाई से पोर्ट (एयर पोर्ट एवं सी-पोर्ट) तक न्यूनतम दूरी का रेलवे द्वारा निर्धारित माल भाडे की दर से किया जायेगा। तद्नुसार आगणित माल भाडे पर देय प्रतिशत के अनुसार प्रतिपूर्ति प्रदान की जायेगी।
6.11	मेगा एवं सुपर मेगा इकाइयों को रोजगार सृजन अनुदान	• मेगा और सुपर मेगा गारमेन्टिंग इकाईयों को प्रति माह प्रति श्रमिक रु0 3200 रोजगार सृजन अनुदान प्रदान किया जायेगा। यह अनुदान 15,000 सिलाई मशीनों की कुल क्षमता मेगा एवं सुपर मेगा इकाईयों में सृजित होने तक प्रदान की जायेगी।
6.12	ऊर्जा सम्बन्धी प्राविधान	• नई इकाइयों को इलेक्ट्रीसिटी ड्यूटी में 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। • कैप्टिव पावर प्लांट द्वारा उत्पादित एवं स्वयं प्रयोग की जाने वाली विद्युत को इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी से 10 वर्ष तक मुक्त रखा जायेगा। • वस्त्र उद्योग संकुलों एवं पार्कों तथा एक निर्धारित मात्रा से अधिक विद्युत उपयोग करने वाली इकाईयों को विद्युत प्राप्ति हेतु Open Access की अनुमति Electricity Act-2003 के अनुसार प्रदान की जाएगी। उपरोक्त छूट प्रदान करने हेतु ऊर्जा विभाग द्वारा शासनादेश जारी किया जायेगा।
6.13	मण्डी शुल्क में छूट	• सभी वस्त्र उद्योग इकाईयों को कच्चा माल खरीदने पर मण्डी शुल्क में 05 वर्ष तक छूट प्रदान की जायेगी। • इस हेतु कृषि विभाग द्वारा शासनादेश जारी किया जायेगा।

<table>
<tr><td>6.14</td><td>प्लग एण्ड प्ले इन्फ्रास्ट्रक्चर</td><td>• एक निश्चित लोकेशन के लिये गारमेन्ट सेक्टर के उद्यमी द्वारा सहमति पत्र (एम0ओ0यू0) भरने के पश्चात राज्य सरकार की एजेन्सी द्वारा प्लग एण्ड प्ले इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जायेगा।</td></tr>
<tr><td>6.15</td><td>कौशल विकास हेतु भारत सरकार की योजना में गैप फिलिंग</td><td>• टेक्सटाइल सेक्टर में कुशल श्रमिकों की संख्या में वृद्धि हेतु भारत सरकार की “Integrated Skill Development Scheme for the Textiles and Apparel Sector Including Jute and Handicrafts” योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक औद्योगिक एसोसिएशन एवं एन0जी0ओ0 को जोड़ा जाएगा। आवश्यकतानुसार गैप फिलिंग के आधार पर राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से निर्धारित प्रोजेक्ट कास्ट का अधिकतम 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इस क्षेत्र की इकाइयों/संस्थाओं को अपनी आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने के लिये प्रेरित जायेगा।</td></tr>
<tr><td>6.16</td><td>मेगा एवं सुपर मेगा इकाइयों को अन्य सुविधायें</td><td>• ऐसी इकाईयों की परिभाषा निम्न प्रकार होगी :-
<table>
<tr><th rowspan="2">उद्योग का प्रकार</th><th colspan="2">श्रेणी सम्बंधी मानदण्ड</th></tr>
<tr><th>बुन्देलखण्ड एवं पूर्वांचल में</th><th>प्रदेश के अन्य भागों में</th></tr>
<tr><td>मेगा यूनिट</td><td>निवेश : रू0 50 करोड से 75 करोड़ तक
अथवा
रोजगार : न्यूनतम 500 (गारमेंटिंग इकाई के लिए न्यूनतम 1000)</td><td>निवेश : रू0 75 करोड से 125 करोड़ तक
अथवा
रोजगार : न्यूनतम 750 (गारमेंटिंग इकाई के लिए न्यूनतम 1500)</td></tr>
<tr><td>सुपर मेगा यूनिट</td><td>निवेश : रू0 75 करोड से अधिक
अथवा
रोजगार : न्यूनतम 750 (गारमेंटिंग इकाई के लिए न्यूनतम 1500)</td><td>निवेश : रू0 125 करोड से अधिक
अथवा
रोजगार : न्यूनतम 1000 (गारमेंटिंग इकाई के लिए न्यूनतम 2000)</td></tr>
</table>
• वस्त्र नीति में वणित वित्तीय सुविधाओं की अधिकतम सीमा में छूट मेगा एवं सुपर मेगा इकाइयों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुति के उपरान्त मंत्रिपरिषद/उत्तर प्रदेश निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की स्वीकृति के उपरान्त दिया जायेगा।
• मेगा इकाईयों को उ0प्र0 वस्त्र उद्योग नीति में वर्णित सभी वित्तीय सुविधाओं को सुसंगत शर्तो के अधीन अनुमन्य कराया जायेगा। केस-टू-केस आधार पर इन सुविधाओं की अधिकतम वित्तीय सीमा को मुख्य सचिव की कमेटी की संस्तुति तथा मा0 मंत्रिपरिषद/उत्तर प्रदेश निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त शिथिल किया जा सकेगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि मेगा परियोजनाओं को कोई ऐसी सुविधाएं अनुमन्य नहीं करायी जायेंगी, जो उत्तर प्रदेश वस्त्र उद्योग नीति में</td></tr>
</table>

		आच्छादित न हों। • इन परियोजनाओं हेतु भूमि का आवंटन, जल, विद्युत संयोजन आदि को प्राथमिकता से फास्ट ट्रैक मोड पर उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसी इकाईयों को यदि परियोजना की स्थापना हेतु अवस्थापना सम्बन्धी सुविधायें जैसे-सड़क, विद्युत लाइन, सीवर लाइन, जल निकासी की आवश्यकता होगी, तो उसे यथासम्भव शासकीय व्यय पर उपलब्ध कराए जाने पर विचार किया जाएगा। • डिप्टी एस.पी. रैंक का एक पुलिस आफीसर 'निवेशक पुलिस मित्र' या 'निवेशक का दोस्त' के रुप में नामित होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इकाई को कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई समस्या न हो तथा इकाई श्रमिक समस्याओं के कारण बन्द न हो। • सुपर मेगा इकाईयों को उपर्युक्त सुविधाओं के अतिरिक्त केस-टू-केस आधार पर अन्य प्रदेशों की तर्ज पर सुविधा या उनकी आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्य सचिव की कमेटी की संस्तुति तथा मा0 मंत्रिपरिषद/उत्तर प्रदेश निवेश प्रोत्साहन बोर्ड के अनुमोदनोपरान्त वे सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकती है, जो उत्तर प्रदेश वस्त्र उद्योग नीति से आच्छादित नहीं है।
6.17	अनुसूचित जाति/ जनजाति /महिला/ दिव्यांगों के स्वामित्व वाली वस्त्र औद्योगिक इकाईयों को प्रोत्साहन	• राज्य सरकार द्वारा इस नीति के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला/दिव्यांगों की न्यूनतम 75 प्रतिशत स्वामित्व वाली वस्त्र औद्योगिक इकाईयों को सभी प्रकार के ब्याज उपादानों में 2.5 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज उपादान दिया जायेगा। • यह अतिरिक्त ब्याज उपादान 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा तथा कुल ब्याज उपादान पूर्ण देय ब्याज से अधिक नहीं होगा।
6.18	उ0प्र0 प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/ जनजाति/ महिला/बी.पी.एल. श्रमिकों के रोजगार वाली वस्त्र उद्योग इकाईयों को अतिरिक्त प्रोत्साहन	• पश्चिमांचल में 1000 से अधिक श्रमिकों अथवा बुन्देलखण्ड, पूर्वान्चल एवं मध्यांचल में 750 से अधिक उ0प्र0 के मूल निवासी श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर रही वस्त्र उद्योग इकाईयों को जी0एस0टी0 के तहत राज्य की हिस्सेदारी के रूप में राज्य के खाते में जमा Net State GST धनराशि के 10 प्रतिशत की अतिरिक्त प्रतिपूर्ति निम्नलिखित किसी शर्त की पूर्ति होने पर करायी जायेगी :- • न्यूनतम 25 प्रतिषत श्रमिक गरीबी रेखा के नीचे से हों, अथवा • न्यूनतम 50 प्रतिशत महिला श्रमिक हों, अथवा • न्यूनतम 25 प्रतिशत श्रमिक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के हों।
6.19	टेक्सटाइल औद्योगिक आस्थानों/पार्कों हेतु 'भूमि लागत ब्याज उपादान'	• टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु भूमि के क्रय हेतु लिये गये ऋण पर देय वार्षिक ब्याज की प्रतिपूर्ति की यह सुविधा गौतमबुद्ध नगर को छोडकर शेष उ0प्र0 में अनुमन्य होगी। • प्रतिपूर्ति की धनराशि-देय वार्षिक ब्याज की 50 प्रतिषत 7 वर्षो तक देय होगी। • "भूमि लागत ब्याज उपादान" भूमि क्रय के दिनांक को प्रचलित सर्किल रेट के आधार पर आगणित किया जायेगा, जिसकी अधिकतम सीमा रू0 एक करोड़

		प्रतिवर्ष होगी।
6.20	आन्तरिक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु ब्याज उपादान	• टेक्सटाइल पार्कों/आस्थानों के आन्तरिक अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु लिये गये ऋण पर देय वार्षिक ब्याज की 60 प्रतिशत धनराशि की प्रतिपूर्ति 7 वर्षो तक देय होगी। • ब्याज उपादान की अधिकतम सीमा रू0 10 करोड़ प्रतिवर्ष प्रति टेक्सटाइल पार्क/आस्थान होगी, जिसकी अधिकतम संचयी सीमा रू0 50 करोड़ तक देय होगी। • ई.टी.पी., प्रशिक्षण केन्द एवं परीक्षण प्रयोगशाला भी इस उपादान के लिये योग्य होंगे।
6.21	टैक्सटाइल पार्कों/आस्थानों में स्टाफ क्वार्टर/हास्टल/डोरमेट्री के निर्माण हेतु ब्याज उपादान	• टेक्सटाइल पार्कों/आस्थानों में स्टाफ क्वार्टर/हास्टल/डोरमेट्री के निर्माण हेतु लिये गये ऋण पर देय वार्षिक ब्याज की प्रतिपूर्ति की यह सुविधा गौतमबुद्व नगर को छोडकर शेष उ0प्र0 में अनुमन्य होगी। • यह सुविधा प्लग एण्ड प्ले सुविधाओं के समीपीय क्षेत्र में भी होगी। • स्टाफ क्वार्टर/हास्टल/डोरमेट्री हेतु जमीन की व्यवस्था विकासकर्ता द्वारा की जायेगी। • प्रतिपूर्ति की धनराशि देय वार्षिक ब्याज की 60 प्रतिशत प्रतिवर्ष 7 वर्षो तक देय होगी। • ब्याज उपादान की अधिकतम सीमा रू0 5 करोड़ प्रतिवर्ष प्रति टेक्सटाइल पार्क/आस्थान अथवा प्लग एण्ड प्ले के क्षेत्र में भी होगी, जिसकी अधिकतम संचयी सीमा रू0 30 करोड़ तक देय होगी।
6.22	गुणवत्ता विकास उपादान	• वस्त्र अनुसंधान, वस्त्र उत्पादों की गुणवत्ता सुधार एवं विकास के लिये वस्त्रोद्योग संगठनों, वस्त्र इकाईयों के समूहों द्वारा टेस्टिंग लैब, क्वालिटी सर्टिफिकेशन लैब एवं टूलरूम स्थापित करने हेतु प्लांट, मशीनरी एवं इक्यूपमेण्ट्स पर किये जाने वाले व्यय हेतु लिये गये ऋण पर देय ब्याज की दर पर उपादान प्रतिपूर्ति के रूप में देय होगा। • प्रतिपूर्ति 5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से अधिकतम 05 वर्षो तक हेतु प्रति लैब/टूलरूम कुल रू0 1 करोड़ की सीमा तक देय होगी।
6.23	बुनाई विषय से इण्टर मीडिएट उत्तीर्ण छात्रों को छात्रवृत्ति	• व्यवसायिक विषयों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने वाले ऐसे छात्र, जो कताई एवं बुनाई विषय से इण्टरमीडिएट (कक्षा-11, 12) की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, प्रति वर्ष ऐसे 2000 छात्रों को प्रोत्साहन देने के लिये 500 रूपये प्रति माह छात्रवृत्ति दी जायेगी।
6.24	बुनाई विषय के इण्टर मीडिएट कालेजों को अनुदान	• बुनाई प्रशिक्षण कालेजों के छात्रों को प्रशिक्षित करने हेतु नवीन हथकरघा के क्रय, हथकरघा के विभिन्न उपकरणों के क्रय जैसे-डाबी, जैकार्ड, कच्चा माल यथा-सूत, रंग-रसायन आदि के क्रय हेतु रूपये 5 लाख प्रति कालेज अनुदान दिया जायेगा।

6.25	हथकरघा बुनकर के सहायक कर्मियों को मानदेय	• 15 से 22 वर्ष की आयु के ऐसे व्यक्ति, जो हथकरघा वस्त्रों की बुनाई/रंगाई/डिजाइन आदि कार्यों में बुनकर के सहायक के रूप में कार्य करते हैं, ऐसे सहायक कर्मियों को दो वर्षों तक रूपये 1000 प्रति माह मानदेय दिया जायेगा।
6.26	हथकरघा क्लस्टरों को अतिरिक्त अनुदान	• चूँकि हथकरघा एक पारिवारिक उद्योग है राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार से अनुमोदित/स्वीकृत क्लस्टर प्रोजेक्टों में आवश्यकतानुसार पूर्ण कराने के लिये रु0 15 लाख का अतिरिक्त अनुदान प्रदान किया जायेगा।
6.27	प्रदेश के बाहर देश के बड़े शहरों में विशेष प्रदर्शनियों का आयोजन	• प्रदेश के बाहर देश के बड़े शहरों में उत्तर प्रदेश के रेशम एवं हैण्डलूम कारीगरों तथा समितियों के उत्पादों की बिक्री के प्रोत्साहन हेतु प्रति वर्ष चार विशेष प्रदर्शनियां आयोजित करायी जाएगी तथा स्थापित प्रदर्शनियों में भाग लेने हेतु सहायता दी जाएगी। • प्रत्येक प्रदर्शनी पर अनुमानित व्यय रूपये 40.00 लाख होगा।
6.28	भारत सरकार की संस्थाओं द्वारा विदेशों में आयोजित प्रदर्शनियों में प्रतिभागियों को वित्तीय सहायता	• विदेश में आयोजित ऐसी 02 प्रदर्शनियाँ, जिन्हें भारत सरकार/विकास आयुक्त, हथकरघा द्वारा आयोजित कराया जाता है, उनमें उत्तर प्रदेश के बुनकरों एवं समितियों को प्रतिभाग कराने हेतु एक व्यक्ति के प्रतिभाग करने के कुल व्यय का 90 प्रतिशत सहायता प्रतिपूर्ति के आधार पर दी जाएगी।
7	आवेदन पत्र का प्रस्तुतीकरण	योजनान्तर्गत लाभ प्राप्ति हेतु इच्छुक इकाई द्वारा आवेदन पत्र का प्रस्तुतीकरण 1. सम्बन्धित परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त के कार्यालय को निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा। 2. परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त द्वारा आवेदन पत्र एवं वांछित प्रपत्रों का भौतिक सत्यापन, परीक्षण एवं स्थलीय निरीक्षण कर अपनी संस्तुति के साथ आवेदन पत्र निदेशालय को प्रेषित किया जायेगा।
8	योजना के संचालन हेतु गठित सक्षम कमेटियां	1- योजनान्तर्गत अनुमन्य वित्तीय सुविधाओं के आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं परीक्षण तथा स्थलीय सत्यापन हेतु परिक्षेत्रस्तरीय कमेटी की सदस्य संरचना।

क0	**आवेदन-पत्र का प्रारूप**	**परिक्षेत्रस्तरीय कमेटी की सदस्य संरचना**
1	प्रारूप -1 प्रारूप -2 प्रारूप -3	**रेशम उद्योग से सम्बन्धित इकाइयों हेतु** **1.**सम्बन्धित सहायक निदेशक, रेशम उद्योग निदेशालय - संयोजक 2.परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - सदस्य
	प्रारूप -4	**रेशम उद्योग से भिन्न वस्त्र इकाइयों हेतु** 1. सम्बन्धित प्रबन्धक, निट्रा पावरलूम सर्विस सेन्टर - सदस्य अथवा सम्बन्धित सहायक निदेशक, वस्त्रायुक्त का क्षेत्रीय

				कार्यालय अथवा वस्त्रायुक्त द्वारा संचालित पावरलूम सर्विस सेन्टर के प्रभारी अधिकारी 2. परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
		2	प्रारूप-6 प्रारूप-7	**टेक्सटाइल पार्क हेतु** 1. अधिशाषी अभियन्ता, पी0डब्लू0डी0 - सदस्य 2. सम्बन्धित प्रबन्धक, निट्रा पावरलूम सर्विस सेन्टर - सदस्य अथवा सम्बन्धित सहायक निदेशक, वस्त्रायुक्त का क्षेत्रीय कार्यालय अथवा वस्त्रायुक्त द्वारा संचालित पावरलूम सर्विस सेन्टर के प्रभारी अधिकारी 3.परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
		3	प्रारूप-8 प्रारूप-9	**औद्योगिक इकाइयों के समूह हेतु** 1.सम्बन्धित प्रबन्धक, निट्रा पावरलूम सर्विस सेन्टर - सदस्य **अथवा** सम्बन्धित सहायक निदेशक, वस्त्रायुक्त का क्षेत्रीय कार्यालय **अथवा** वस्त्रायुक्त द्वारा संचालित पावरलूम सर्विस सेन्टर के प्रभारी अधिकारी 2. परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
		4	प्रारूप-10	**प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु एन0जी0ओ0** 1.सम्बन्धित प्रबन्धक, निट्रा पावरलूम सर्विस सेन्टर - सदस्य **अथवा** सम्बन्धित सहायक निदेशक, वस्त्रायुक्त का क्षेत्रीय कार्यालय **अथवा** वस्त्रायुक्त द्वारा संचालित पावरलूम सर्विस सेन्टर के

		प्रभारी अधिकारी 2. परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
5.	प्रारूप-11	**भारत सरकार से सहायता प्राप्त क्लस्टरों में राज्य सरकार द्वारा गैप फिलिंग** 1.प्रभारी अधिकारी, सम्बन्धित बुनकर सेवा केन्द्र - सदस्य 2.परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
6.	प्रारूप-12 प्रारूप-13	**कताई-बुनाई विषय के छात्रों को छात्रवृत्ति एवं सम्बन्धित कालेजों को अनुदान** 1.सम्बन्धित जनपद के डी0आई0ओ0एस0 - सदस्य 2.परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक
7	प्रारूप-14 प्रारूप-15	**हथकरघा बुनकर सहकारी समितियाँ** 1. प्रभारी अधिकारी, सम्बन्धित बुनकर सेवा केन्द्र - सदस्य 2. परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग - संयोजक

2- हथकरघा एवं पावरलूम बुनकरों से सम्बन्धी वित्तीय सुविधाओं तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम वस्त्र उद्यम इकाईयों को अनुमन्य वित्तीय सुविधाओं के अनुमोदन हेतु राज्यस्तरीय कमेटी की सदस्य संरचना

1	आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर	अध्यक्ष
2	आयुक्त एवं निदेशक,उद्योग निदेशालय,उ0प्र0 द्वारा नामित प्रतिनिधि के रूप में अपर आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग	सदस्य
3	प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर	सदस्य
4	प्रबन्ध निदेशक, यूपिका, कानपुर	सदस्य
5	निदेशक, उ0प्र0 वस्त्र प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर	सदस्य
6	प्रबन्धक, निट्रा पावरलूम सर्विस सेन्टर, कानपुर	सदस्य
7	वित्त नियन्त्रक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0, कानपुर	सदस्य
8	संयुक्त आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0।	सदस्य
9	योजनाधिकारी, वस्त्र नीति क्रियान्वयन, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय, उ0प्र0।	सदस्य

3- वृहद, मेगा एवं सुपर मेगा वस्त्र औद्योगिक उपक्रम हेतु गठित शासकीय स्वीकृति समिति

वृहद वस्त्र औद्योगिक इकाईयों मेगा एवं सुपर वस्त्र औद्योगिक इकाईयों टेक्सटाइल पार्क एवं औद्योगिक आस्थान हेतु उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क,टेक्सटाइल, एवं गारमेनि्टंग पालिसी-2017 में अनुमन्य सुविधाओं के स्वीकृति हेतु प्रमुख सचिव/अपर मुख्य सचिव, वस्त्रोद्योग,उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में एक शासकीय स्वीकृति समिति गठित की जायेगी जिनके सदस्य निम्नवत् होंगे :-

I. प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग,उ0प्र0 शासन
II. प्रमुख सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन
III. प्रमुख सचिव, न्याय, उ0प्र0 शासन
IV. प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन
V. सम्बन्धित विभाग/प्राधिकरण/संस्था के प्रमुख सचिव जिनसे वित्तीय प्रोत्साहन प्रार्थित है।
VI. आयुक्त एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, संयोजक
VII. पी0एम0ए0 के पदाधिकारी, सहसंयोजक

3 **<u>इम्पावर्ड कमेटी की सदस्य संरचना-</u>** ऐसी सुविधायें जो वस्त्र एवं गारमेन्टिंग नीति-2017 में अनुमन्य नहीं हैं अथवा वित्तीय सुविधा की मांग इकाई द्वारा अनुमन्य सुविधा से अधिक अथवा अतिरिक्त की गयी है अथवा अन्य राज्यों में अनुमन्य सुविधाओं की भांति अतिरिक्त सुविधाओं की मांग की गयी है। इकाई की मांग औचित्यपूर्ण पाये जाने पर निर्णय हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इम्पावर्ड कमेटी का गठन किया जायेगा। इम्पावर्ड कमेटी की सदस्य संरचना निम्नवत् है :-

1	मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन	अध्यक्ष
2	प्रमुख सचिव, न्याय विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
3	प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
4	प्रमुख सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
5	प्रमुख सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
6	प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन	सदस्य
7	प्रमुख सचिव, वस्तु एवं सेवाकार, उ0प्र0 शासन	सदस्य
8	प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उ0प्र0 शासन	सदस्य
9	प्रमुख सचिव, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0 शासन।	सदस्य
10	सम्बन्धित विभाग/प्राधिकरण/संस्था के प्रमुख सचिव, जिनसे वित्तीय प्रोत्साहन प्रार्थित है।	सदस्य
11	आयुक्त् एवं निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उ0प्र0 कानपुर	प्रस्तावक/सदस्य
12	पी0एम0ए0 के पदाधिकारी	सहसंयोजक
...	इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में आवश्यकतानुसार अन्य	

			अधिकारियों को भी भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जायेगा।	
9	विविध	• इस नीति के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित होने वाली सूक्ष्म, लघु एव मध्यम वस्त्र उद्योग की इकाईयों को समस्त प्रकार की छूट, प्रतिपूर्ति, अनुदान आदि कुल मिलाकर पूर्ण स्थायी पूंजीगत निवेश (Fixed capital investment) (भूमि, बिल्डिंग, अन्य निर्माण, प्लान्ट एवं मशीनरी व विविध स्थायी निर्माण) के 120 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड में स्थापित वस्त्र उद्योग की मेगा एवं सुपर मेगा श्रेणी की इकाईयों हेतु 300 प्रतिशत तथा मध्यान्चल में 200 प्रतिशत, पश्चिमांचल (जी.बी. नगर को छोड़कर) में 100 प्रतिशत तथा गौतमबुद्धनगर जनपद में स्थापित होने वाली इकाईयों हेतु यह सीमा 80 प्रतिशत होगी। • नीति में वर्णित सुविधायें वस्त्रोद्योग के अन्तर्गत स्थापित होने वाली नई इकाईयों के साथ-साथ विस्तारीकरण/विविधीकरण इकाईयों पर भी लागू होगी। विस्तारीकरण/विविधीकरण करने वाली इकाई का तात्पर्य ऐसी इकाई से है, जिसके द्वारा विस्तारीकरण/विविधीकरण के ठीक पूर्व भूमि, भवन, प्लांट, मशीनरी एवं स्पेयर पार्ट्स एवं कैपिटल गुड्स में किये गये निवेश का न्यूनतम 25 प्रतिशत अतिरिक्त पूंजी निवेश उपरोक्त मदों में किया जाए तथा विस्तारीकरण/विविधीकरण से पूर्व की अधिष्ठापित क्षमता में न्यूनतम 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाए। • यह स्पष्ट है कि नीति में वर्णित सभी सुविधायें भारत सरकार की TUFS तथा अन्य योजनाओं से प्राप्त सुविधाओं के अतिरिक्त होंगी। • प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र ऐसे व्यक्ति, जो वस्त्रोद्योग इकाईयों/वस्त्रोद्योग पार्क बनाने वाली SPV और प्लग एण्ड प्ले सुविधा देने वाली एजेन्सियों द्वारा पहले ही अनुबन्धित कर लिये जायेंगे, के लिये PMAY आवास उपलब्ध कराने हेतु विकास प्राधिकरण एवं आवास विकास परिषद को प्रोत्साहित किया जायेगा।		
10.	आवेदन का प्रारूप	• नीति के अंतर्गत अनुमन्य सुविधायें प्राप्त करने हेतु आवेदनों के **प्रारूप- 1 से 17 (ब) तक** संलग्न है एवं सम्बन्धित **अनुलग्नक-1 से 4 तक** संलग्न है।		
11.	टिप्पणी	• उत्तर प्रदेश हैण्डलूम, पावरलूम, सिल्क, टेक्सटाइल एवं गारमेन्टिंक पालिसी-2017 क्रियान्वयन नियमावली अलग से प्रख्यापित की जायेगी।		

संलग्नक :- यथोक्त ।

भवदीय,

(मुकुल सिंहल)
अपर मुख्य सचिव।

<u>पृष्ठांकन संख्या-344(1)/63-व0उ0-2018, तद्दिनांक</u>-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार,उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

2- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

3- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।

4- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

5- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

6- आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग निदेशालय, उ0प्र0 कानपुर।

7- निदेशक, रेशम निदेशालय, लखनऊ।

8- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

9- अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, माल एवेन्यू, लखनऊ।

10- निदेशक, फिक्की, फेडरेशन हाऊस, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली।

11- महासचिव, एसोचेम यू0पी0, 2/302, विकास खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

12- सी0आई0आई0, प्लाट-ए, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

13- आई0 आई0 ए0, विभूति खण्ड, टाऊन सेन्टर फेज-।।, निकट अपना बाजार, गोमतीनगर, लखनऊ।

14- क्लाथ मैन्युफैक्चरिंग एसोसिएशन आफ इण्डियॉ, गुरूग्राम, हरियाणा।

15- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(बी0 पी0 मिश्र)

उप सचिव।

प्रारूप-1

उ0प्र0 वस्त्र एवं गारमेन्टिंग नीति-2017 में वर्णित वित्तीय सुविधाओं हेतु आवेदन पत्र

(सूक्ष्म/लघु/मध्यम/वृहद वस्त्र औद्योगिक उपक्रमों के लिए)

(सभी सहायक अभिलेखों को आवेदन द्वारा अपनी ओर से विधिवत रूप से प्राधिकृत निदेशक/साझेदार/अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित किया जाना चाहिये)

आवेदक पत्र का क्रमांक (परिक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भरा जायेगा) (9 अंको की संख्या)	परिक्षेत्र का कोड		जनपद कोड		आवेदन का क्रमांक					प्राप्ति का दिनांक

पूँजीगत निवेश और परियोजना स्थल के आधार पर आवेदन किए गए वस्त्र औद्योगिक उपक्रम की श्रेणी

(अ) निवेश के लिए मापदंड					
	सूक्ष्म वस्त्र इकाई	**लघु वस्त्र इकाई**	**मध्यम वस्त्र इकाई**	**वृहद वस्त्र इकाई**	
	25 लाख रू0 से कम	25 लाख रू0 से अधिकतम 5 करोड़ रूपये	5 करोड़ रू0 से अधिक किन्तु अधिकतम 10 करोड़	रू0 10 करोड़ से अधिक किन्तु रू0 50 करोड़ से कम	रू0 10 करोड़ से अधिक किन्तु रू0 75 करोड़ से कम
निवेश की राशि (रू0)					
जनपद/क्षेत्र					

क्र0सं0	विवरण	ब्यौरा	सम्बन्धित सहायक दस्तावेज
1	आवेदक का नाम/पता एवं सम्पर्क विवरण		
2	आवेदक का संघटन (कान्सटीट्यूशन)		
3	मौजूदा/प्रस्तावित औद्योगिक उपक्रम का परियोजना स्थल		
4	निदेशकों/भागीदारों/अन्य के नाम/पता एवं सम्पर्क विवरण		
5	आवेदक की जीएसटीआईएन		

6	वस्त्र औद्योगिक उपक्रम की प्रकृति		
7	वस्त्र उद्योग की श्रेणी		
8	वस्त्र औद्योगिक उपक्रम की स्थापना के लिए पंजीकरण या अनुज्ञा-पत्र		
9	मौजूदा वस्त्र औद्योगिक उपक्रमों उपक्रमों (विस्तार/विविधिकरण)/प्रस्तावित वस्त्र औद्योगिक उपक्रमों के मामले में :		

क्र0सं0	वर्तमान उत्पाद	मौजूदा संस्थापित क्षमता	प्रस्तावित उत्पाद	प्रस्तावित संस्थापित क्षमता	मौजूदा सकल ब्लाक	प्रस्तावित सकल ब्लाक

10	वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ होने की प्रस्तावित तारीख		
11	प्रस्तावित पूँजी निवेश		विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) संलग्न की जाये। (संलग्नक पृष्ठ क्रमांक .....)
11.1	वह तारीख जब से पूँजी निवेष आरम्भ किया गया है या आरंभ किया जाना प्रस्तावित है		
11.2	क्या पूँजी निवेष चरणों में किया जाना प्रस्तावित है		

12. आवेदक द्वारा प्रार्थित/आवेदित वित्तीय सुविधाओं का विवरण

क्र0सं0	मद	राशि (रू0)
12.1	समस्त वित्तीय सुविधाओं की कुल धनराशि (रू0)	
	आवेदित वित्तीय सुविधाओं का विवरण	
12.2	सरकारी एजेन्सियों द्वारा भूमि आवंटन में सब्सिडी	
12.3	स्टाम्प ड्यूटी से छूट	
12.4	राज्य कर विभाग से छूट (नेट स्टेट जीएसटी की प्रतिपूर्ति)	
12.4.1	10 प्रतिशत जीएसटी की अतिरिक्त प्रतिपूर्ति उन वस्त्र इकाईयों को,(पश्चिमांचल मे स्थित वस्त्र औद्योगिक	

	उपक्रमों में 1000 से अधिक अथवा बुन्देलखण्ड,पूर्वान्चल एवं मध्यान्चल में 750 से अधिक उ0प्र0 के मूल निवासी श्रमिक हों) तथा न्यूनतम 25 प्रतिशत श्रमिक गरीबी रेखा से नीचे हों अथवा 50 प्रतिशत महिला श्रमिक हो अथवा 25 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कामगार हों) को देय होगी।	
12.5	पूँजीगत उपादान	
12.6	ब्याज उपादान	
12.6.1	0.5 अतिरिक्त ब्याज उपादान,उन वस्त्र इकाईयों को,जिनमें अनुसूचित जाति/जनजाति/दिव्यांग/महिला का न्यूनतम 75 प्रतिशत स्वामित्व हो	
12.7	मार्जिन मनी अनुदान	
12.7.1	अतिरिक्त 5 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान, अनुसूचित जाति/जनजाति के उद्यमियों को	
12.8	अवस्थापना ब्याज उपादान	
12.8.1	अतिरिक्त 2.5 प्रतिशत अवस्थापना ब्याज उपादान,उन वस्त्र इकाईयों को, जिनमें अनुसूचित जाति/जनजाति/ दिव्यांग /महिला का न्यूनतम 75 प्रतिशत स्वामित्व हो	
12.9	कार्यशील पूँजी उपादान	
12.9.1	अतिरिक्त 2.5 प्रतिशत कार्यशील पूँजी उपादान, अनुसूचित जाति/जनजाति/दिव्यांग/महिला हेतु।	
12.10	ई.पी.एफ. प्रतिपूर्ति (100 या इससे अधिक अकुषल कामगार)	
12.10.1	10 अतिरिक्त ईपीएफ प्रतिपूर्ति (200 प्रत्यक्ष कुशल और अकुशल कामगार)	
12.11	माल-भाड़े की प्रतिपूर्ति	
12.12	कौशल विकास हेतु भारत सरकार की योजना में गैप फिलिंग अनुदान	
12.13	इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी से छूट	
12.14	मंडी शुल्क से छूट	

13. संलग्न सहायक दस्तावेजों का विवरण

क्र0	विवरण	संलग्नक पृष्ठ क्रमांक
13.1	यू0.ए.एम./आई.ई.एम./आई.एल की पावती	
13.2	समस्त अनुसूचियों सहित इकाई के लेखा परीक्षित लेखे (चालू वित्त वर्ष के साथ-साथ पिछले पाँच वर्ष)	
13.3	विस्तृत परियोजना रिपोर्ट	
13.4	मौजूदा सकल परिसम्पत्तियों हेतु सनदी लेखाकार का प्रमाणपत्र	
13.5	सकल ब्लॉक के समर्थन मे मौजूदा वस्त्र औद्योगिक उपक्रम की स्थायी परिसम्पत्तियों की सनदी अभियंता द्वारा प्रमाणित सूची	
13.6	शपथपत्र (रू0 10 के स्टाम्प पेपर पर अनुलग्नक-1 के अनुसार)	

घोषणा

उपर्युक्त सूचना पूर्णतया सत्य है और किसी भी तथ्य को छिपाया या गलत ढंग से प्रस्तुत नहीं किया गया है। आगे स्पष्ट किया जाता है कि कम्पनी मे उपर्युक्त प्रकृति के लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार की किसी क्षेत्र-विशिष्ट या अन्य नीति के अधीन उपर्युक्त प्रकृति के लाभों के लिए आवेदन नहीं किया है।

मैं/हम एत्द्वारा सहमत हूँ/हैं कि उ0प्र0 वस्त्र एवं गारमेन्टिंग नीति-2017 के नियमों के अधीन यदि यह पाया जाता है कि मुझे/हमें उक्त लाभों का संवितरण किसी भी कारण से वास्तविक रूप से स्वीकार्य राशि से अधिक किया गया है तो मै/हम जारी किए गये लाभों की तत्काल वापस कर दूँगा/देंगे।

संलग्नक :- उपरोक्तानुसार कुल ..... पृष्ठ

तारीखः

स्थानः

प्राधिकृत हस्ताक्षरी के हस्ताक्षर

नाम, पदनाम और कार्यालय मुहर सहित

<u>प्रारूप-2</u>

उ0प्र0 वस्त्र एवं गारमेन्टिंग नीति-2017 में वर्णित वित्तीय सुविधाओं हेतु आवेदन पत्र

(सूक्ष्म/लघु/मध्यम/वृहद वस्त्र औद्योगिक उपक्रमों के लिए)

आवेदक पत्र का क्रमांक (परिक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भरा जायेगा) (9 अंको की संख्या)	परिक्षेत्र का कोड		जनपद कोड		आवेदन का क्रमांक					प्राप्ति का दिनांक

1. वितरण के स्तर पर जमा की जाने वाली सूचना एवं दस्तावेज

क्रम सं0	विवरण	ब्यौरा
1.1	आवेदक का नाम और पता	
1.2	मौजूदा/प्रस्तावित औद्योगिकउपक्रम का परियोजनास्थल	
1.3	किए गये वास्तविक पूंजी निवेश का चरणबद्ध विवरण एवं वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ करने की तिथियाँ (उपायुक्त उद्योग,जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र अथवा सनदी लेखाकार (CA) का प्रमाण पत्र संलग्न करें)।	

2. वस्त्र औद्योगिक उपक्रम में पात्र पूँजीगत निवेश का ब्यौरा

क्र0सं0	मद	नया/मौजूदा	विस्तार/विविधिकरण	विस्तार/विविधिकरण के अधीन वृद्धि का प्रतिशत
1	2	3	4	5
I.	भूमि			
II.	भवन			
III.	अन्य निर्माण			
IV.	संयंत्र और मशीनरी			
V.	अवस्थापना सुविधायें			
क	कुल			

3. वस्त्र औद्योगिक उपक्रम द्वारा किये गये पूँजीगत निवेश का विवरण (धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 स0	घटक	परियोजना लागत	वास्तविक पूँजी निवेश (वैधानिक आडिट प्रमाण-पत्र के अनुसार)	कुल योग

		डी0पी0आर0 के अनुसार	एप्रेजल के अनुसार	कट आफ डेट के पूर्व	कट आफ डेट व वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि के मध्य (यदि चरणों में, तो चरणबद्ध पूंजी निवेश)	अंतिम चरण के वाणिज्यिक उत्पादन की तिथि से अब तक (पात्र पूंजी निवेश अवधि तक)		
						10 प्रतिशत	90 प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8	9
i	भूमि एवं साइट डेवलपमेन्ट							
ii	भवन एवं सिविल वर्क्स							
iii	संयंत्र और मशीनरी							
iv	विविध स्थायी परिसम्पत्तियाँ							
v	तकनीकी जानकारी (Technical knowhow) शुल्क							
vi	निर्माण अवधि के दौरान ब्याज							
vii	प्रारम्भिक एवं संचालन पूर्व (prel. and pre-opearative) के खर्चे							
viii	कार्यशील पूँजी हेतु मार्जिन मनी							
	योग							
	नोट क्रम संख्या- (v), (vi),(vii), (viii)में किया गया पूँजी अर्ह नहीं होगा।							

3.2 पूँजी निवेश के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज	संलग्नक पृष्ठ क्रमांक

i	पूँजीगत निवेश से सम्बन्धित दस्तावेज, नियमों/सरकारी आदेशों/एम0एस0एम0ई0डी0 अधिनियम-2006 के प्राविधानों के अनुरूप पूँजीगत निवेश के लिये सनदी लेखाकार के प्रमाण-पत्र के साथ संलग्न किये जायें	
ii	वृहद वस्त्र औद्योगिक उपक्रम के मामले में निम्नलिखित दो रिपोर्टें	
	(अ) नोडल एजेन्सी (पी0एम0ए0) के पैनल में शामिल सनदी लेखाकारों के माध्यम से शासनादेश के प्राविधान के अनुसार कम्पनी द्वारा किये गये पूँजीगत निवेष पर परीक्षण का प्रमाण-पत्र	
	(ब) नोडल एजेन्सी (पी0एम0ए0) के पैनल में शामिल परामर्शदाताओं/मूल्यांकनकर्ताओं/इंजीनियर के माध्यम से साइट पर किये गये पूँजीगत निवेष (भूमि, भवन,संयंत्र तथा मशीनरी) के संस्थापन की जाँच/सत्यापन आख्या	

4. **<u>सरकारी एजेन्सियों द्वारा भूमि आवंटन में सब्सिडी</u>**

क्र0	बिन्दु	विवरण	सम्बन्धित दस्तावेज
i	भूमि प्रदान करने वाली सरकारी संस्था का नाम व पता		भूमि क्रय एवं परियोजना लागत से सम्बन्धित समस्त दस्तावेज संलग्न करें। (संलग्नक पृष्ठ क्रमांक.....)
ii	क्रय की गयी भूमि का क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)		
iii	सर्किल रेट के अनुसार क्रय की गयी भूमि की कीमत		
iv	भूमि क्रय कीमत के सापेक्ष देय सब्सिडी का प्रतिशत		
v	देय प्रतिशत के अनुसार सब्सिडी की धनराशि (रू0)		
vi	परियोजना लागत (रू0)		
vii	परियोजना लागत धनराशि का 5 प्रतिशत (रू0)		
viii	दावा धनराशि (बिन्दु अ अथवा अपप में वर्णित धनराशि, जो भी कम हो) (रू0)		

<u>5. राज्य कर विभाग से छूट (नेट जी0एस0टी0 की प्रतिपूर्ति)</u>

5.1 जी0एस0टी0 अधिनियम के अधीन अदा किये गये कर		विवरण	अपेक्षित दस्तावेज
i	वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जारी		संबंधित अवधि के

	जी.एस.टी.आई.एन.		लिए राज्य सरकार के खाते में प्राप्त जीएसटी के समर्थन में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र
ii	वित्तीय वर्ष --------- के लिए जमा किए गए जी.एस.टी. के सापेक्ष कर की राशि (रू0)		
iii	निर्मित उत्पाद के सापेक्ष जमा की गयी जीएसटी की राशि (रू0)		
iv	अवधि के दौरान जमा किये गये जीएसटी में से प्रतिपूर्ति हेतु पात्र राशि (रू0)		

5.2 इकाई द्वारा अदा किए गए जी.एस.टी. के समर्थन में अपेक्षित दस्तावेज		संलग्नक पृष्ठ क्रमांक
i	वाणिज्यिक कर विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र।	
ii	संबंधित वित्तीय वर्ष के इकाई स्तरीय लेखा परीक्षित लेखे (जिसके लिए जीएसटी प्रतिपूर्ति का दावा किया जा रहा है)	
iii	कम्पनी के लिए संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए जीएसटी लेखा परीक्षा रिपोर्ट।	
iv	इकाई के लिए संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए जीएसटी लेखा परीक्षा रिपोर्ट, (सनदी लेखाकार, द्वारा प्रमाणित एकल (stand alone) एसजीएसटी विवरण/प्रतिवेदन)	
v	निर्मित माल/कारोबारी माल/कबाड/स्टाक ट्रांसफर की बिक्री आदि के समाशोधन के लिए सी.ए. का प्रमाण पत्र और इनके सापेक्ष अलग अलग अदा किया गया जीएसटी	

6. पूँजी उपादान एवं ब्याज उपादान एवं मार्जिन मनी अनुदान

6.1	पूँजीगत उपादान/ब्याज उपादान सुविधा हेतु सम्बन्धित तथ्यों का विवरण			
क्र0	बिन्दु	विवरण	अपेक्षित दस्तावेज	संलग्नक पृष्ठ क्रमांक
1	2	3	4	5
i	बैंको/वित्तीय संस्थाओ का नाम और पता जिनसे ऋण प्राप्त किया गया		1. स्वीकृति पत्र,वित्तीय संस्था/बैंक के साथ करार 2. संयंत्र और मशीनरी के लिए ऋण प्रमाणित करने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से ऋण ब्याज एवं अन्य विवरण का प्रमाण पत्र। 3. सम्पूर्ण अवधि, जिसके लिए प्रतिपूर्ति का दावा किया गया है, के	
ii	संयंत्र और मशीनरी में निवेश के लिए स्वीकृत ऋण की राशि			
iii	ब्याज की दर			

iv	स्वीकृति की तारीख		दौरान भुगतान में कोई चूक न होने संबंधी बैंक/वित्तीय संस्था का प्रमाण पत्र। 4. क्रय की गयी संयंत्र और मषीनरी का विवरण (इन्वाइस सहित) 5. बैंक एप्रेजल रिपोर्ट	
v	वितरण की तारीख सहित संयंत्र और मशीनरी में निवेश के लिए वितरित ऋण की राशि			

6.2	**लोन एकाउन्ट का विवरण**					
क्र0	**वित्तीय संस्था/ बैंक का नाम व पता**	**बैंक-शाखा का नाम**	**बैंक में ऋण खाता संख्या**	**खाताधारक का नाम**	**IFSC Code**	**वितरित ऋण की धनराशि (रू0)**
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**

6.3 पूँजी उपादान हेतु आगणन तालिका						
परियोजना लागत धनराशि (रु0)	कार्यरत कर्मचारियों/ श्रमिकों की संख्या	देय वित्तीय सहायता की अधिकतम सीमा (रू0) (नीति के बिन्दु 3.5.4 के अनुसार)	प्लान्ट एवं मशीनरी की कुल लागत धनराशि (रू0)	देय पूँजीगत उपादान की धनराशि		दावा धनराशि (रु0) कालम 4 अथवा कालम 7 में वर्णित धनराशि, जो भी कम हो
				प्रतिशत में	(रू0 में) (कालम 5) X (कालम 6)	
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**

6.4 पूँजी उपादान हेतु दावा धनराशि का आगणन							
क्र0सं0	वर्ष जिसके लिए सब्सिडी का आवेदन किया गया	वर्ष के दौरान वित्तीय संस्था को किया गया भुगतान		**ब्याज उपादान की अपेक्षित धनराशि**			
		मूल धनराशि	ब्याज	7 % की दर से अपेक्षित/ देय ब्याज उपादान धनराशि (रु0)	अतिरिक्त 0.5 % उपादान की धनराशि यदि देय हो (रु0)	कुल धनराशि (रू0) (कालम-5 एवं कालम-6 का योग)	दावा धनराशि (रू0) (कालम-7 में वर्णित धनराशि अथवा रू0 1.5 करोड प्रतिवर्ष, जो भी कम हो
1	**2**	**3**		**4**	**5**	**6**	**7**
1	**वर्ष-I ( )**						
2	**वर्ष-II ( )**						

3	वर्ष-III ( )					
4	वर्ष-IV( )					
5	वर्ष-V ( )					
6	वर्ष-VI ( )					
7	वर्ष-VII ( )					
	कुल					

6.5 मार्जिन मनी वित्तीय सहायता हेतु आगणन तालिका (रेशम उद्योग यथा :-चाकी कीट पालन, कोया उत्पादन, रीलिंग एवं स्पिनिंग हेतु)		
बैंक अप्रेजल के अनुसार पूँजी निवेश (रू0)	अजा/अजजा के अतिरिक्त अन्य उद्यमियों को देय 15 प्रतिशत के अनुसार मार्जिन मनी दावा धनराशि (रू0)	अजा/अजजा उद्यमियों को देय 20 प्रतिशत के अनुसार मार्जिन मनी दावा धनराशि (रू0)
1	2	3

7. अवस्थापना ब्याज उपादान की वित्तीय सुविधा का आगणन

7.1	अवस्थापना ब्याज उपादान सुविधा हेतु सम्बन्धित तथ्यों का विवरण			
क्र0	बिन्दु	विवरण	अपेक्षित दस्तावेज	संलग्नक पृष्ठ क्रमांक
1	2	3	4	5
i	बैंको/वित्तीय संस्थाओ का नाम और पता जिनसे ऋण प्राप्त किया गया		1. स्वीकृति पत्र, वित्तीय संस्था/बैंक के साथ करार 2. संयंत्र और मशीनरी के लिए ऋण प्रमाणित करने वाले बैंक/वित्तीय संस्था से ऋण ब्याज एवं अन्य विवरण का प्रमाण पत्र। 3. सम्पूर्ण अवधि, जिसके लिए प्रतिपूर्ति का दावा किया गया है, के दौरान भुगतान में कोई चूक न होने संबंधी बैंक/वित्तीय संस्था का प्रमाण पत्र। 4. अवस्थापना सुविधाओं का विवरण (व्यय धनराशि, इन्वाइस, बिल-वाउचर सहित) 5. बैंक एप्रेजल रिपोर्ट	
ii	अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण की धनराशि			
iii	ब्याज की दर			
iv	स्वीकृति की तारीख			
v	संयंत्र और मशीनरी में ऋण निवेश की राशि वितरण की तारीखो सहित			

7.2	अवस्थापना ब्याज उपादान हेतु दावा धनराशि का आगणन					
क्र0सं0	वर्ष जिसके लिए सब्सिडी का आवेदन किया गया	वर्ष के दौरान वित्तीय संस्था को किया गया भुगतान		अवस्थापना ब्याज उपादान की अपेक्षित धनराशि		
		मूल धनराशि	ब्याज	5 % की दर से अपेक्षित/ देय ब्याज उपादान धनराशि (रु0)	अतिरिक्त 2.5 % उपादान की धनराशि यदि देय हो (रु0)	कुल धनराशि (रू0) (कालम-5 एवं कालम-6 का योग)
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**
A	आवेदित वर्ष में देय दावा धनराशि की गणना					
	वर्ष-I					
	वर्ष-II					
	वर्ष-III					
	वर्ष-IV					
	वर्ष-V					
					योग (समग्र धनराशि)	
B	**विगत वर्षो में प्राप्त कुल धनराशि (रू0)**					
C	**प्रस्तर A व B में वर्णित धनराशि का योग**					
D	**अतिरेक धनराशि (रू0) (Excess Amount) की गणना**					
